सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 11 सितम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में वंदे मातरम ट्रेनिंग एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश प्रसाद सेमवाल ने मुलाकात की। श्री सेमवाल गढ़वाल राइफल की तीसरी बटालियन से सेवानिवृत हुए हैं वह विगत चार वर्षों से उत्तरकाशी के पुरोला में स्थानीय युवाओं को स्वयं के खर्चे पर सेना में भर्ती का प्रशिक्षण करा रहे हैं। अब तक उन्होंने 15 सौ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया है साथ ही उनके द्वारा कई बालिकाओं को सेना में भर्ती हेतु निःशुल्क कोचिंग व शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनके फाउंडेशन से प्रशिक्षित 168 युवाओं का चयन सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस और अन्य सेवाओं में हुआ है। अभी हाल में ही उनके द्वारा प्रशिक्षित 19 युवाओं का अग्निवीर में भी चयन हुआ है। वह स्कूल और कॉलेजों में जाकर बच्चों को नशे से दूर रहने जैसे कार्यक्रम चला रहें हैं।

राज्यपाल ने कहा कि श्री सेमवाल द्वारा नशा मुक्ति अभियान, युवाओं को सेना और अर्धसैनिक बलों में भर्ती हेतु युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षित किया जाना प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहने के अभियान को श्री सेमवाल द्वारा निस्वार्थ भाव से किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण दिए जाने के साथ उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के लिए प्रोत्साहित करना सराहनीय है। उन्होंने कहा की उत्तराखण्ड के युवा और यहां की बेटियां बेहद सशक्त और प्रतिभाशाली हैं, उन्हें केवल दिशा दिखाने की जरूरत है जिस ओर श्री सेमवाल के द्वारा किए जा रहे प्रयास अन्य संस्थाओं के लिए मार्गदर्शक का कार्य करेंगे। राज्यपाल ने इस अभियान में हर संभव सहायता का भी आश्वासन दिया।

............0............